YOUNG INDIA > YOUNG PAPER
NBT
नवभारत टाइम्स
क संवत 1940 पौष कृष्ण पंचमी विक्रम 2075 www.nbt.in पेज 16 > मूल्य 4.50 या 8.50 रु

24 December 2018

कौशल योजना से संवर गई नवनीत की जिंदगी

प्रस, गुड़गांवः प्रधानमंत्री कौशल योजना ने उनकी जिंदगी संवार दी। अब वह गुड़गांव की एक कंपनी में नौकरी करते हैं। कंपनी में मिलने वाली सैलरी बहुत अधिक तो नहीं है, लेकिन नौकरी के बाद उनकी जिंदगी में काफी बदलाव आया है।

यह कहना है कि नवनीत का। कुछ समय पहले तक उन्हें आंखों से कम दिखाई देता था। वह आंशिक रूप से विकलांग भी थे, लेकिन कौशल योजना के दौरान उन्हें न केवल ट्रेनिंग मिली बल्कि एक संस्था की ओर से उनकी आंखों का इलाज भी करवाया गया।

यूपी के शाहजहांपुर निवासी 22 वर्षीय नवनीत ने बताया कि वह सामान्य रूप से देखने में सक्षम नहीं थे। उनके एक दोस्त ने उन्हें प्रधानमंत्री कौशल योजना की जानकारी दी। इस योजना के तहत उन्हें निशुल्क कौशल प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान उन्हें बताया गया कि दिव्यांग इस प्रशिक्षण के माध्यम से अपना भविष्य भी सुरक्षित कर सकते हैं। वह गुड़गांव में नवज्योति ग्लोबल सॉल्यूशंस कंपनी में डेटा ऑपरेटर हैं और उनकी सैलरी 11 हजार 500 रुपये है।

दृष्टिबाधित नवनीत को पीएम कौशल योजना के तहत ट्रेनिंग लेने के बाद मिली नौकरी